>

Title: Need to ensure payment of wages under National Rural Employment Guarantee Scheme in various districts of Chhattisgarh.

**डॉ. चरण दास महन्त (कोरबा):** छत्तीसगढ़ के शेडयूल 5 क्षेत्र के विकास खण्डों मरवाही पेड्रा गौरेला के साथ ही जिला कोरिया, कोरबा, बिलासपुर में राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना के तहत दिये जाने वाले 100 दिनों का रोजगार ही जीवन यापन का एकमात्र साधन है। वहां एक वर्ष से अधिक समय से रोजगार का भुगतान नहीं हुआ है। राज्य सरकार द्वारा कार्य आबंटन में भी 70 प्रतिशत कार्य पंचायतों से कराने के बजाय विभागीय माध्यम से हो रहा है। वनांचलों में बैंकों एवं पोस्ट ऑफिस के माध्यम से भुगतान पूरी तरह से असफल है। अतः ऐसे क्षेत्रों में भुगतान के लिए बैंक द्वारा मोबाइल वैन के माध्यम से भुगतान कराने का अनुरोध है। छत्तीसगढ़ को नरेगा के अंतर्गत 50 प्रतिशत से अधिक भुगतान शेष है। मरवाही विकास खण्ड में 86 कार्यों में लगभग 1 करोड़ 20 लाख से अधिक का भुगतान शेष है तो प्रदेश के अन्य क्षेत्रों में, भुगतान की कितनी भयावह स्थिति होगी। केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि छत्तीसगढ़ के वनांचलों में शीघ्र रोजगार भुगतान के लिए विशेष कदम उठायें।